# International Women's Day 08.03.2024

दिनांक 08.03.2024 दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाविद्यालय में सार्वजनिक अवकाश होने के कारण अन्तर्राष्ट्रीय महिला-दिवस दिनांक 09.03.2024 दिन शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा० आशुतोष कुमार और संचालन प्रो० प्रमोद पाठक ने किया।

इस अवसर पर हमारे समाज में महिलाओं की स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उनके सामाजिक और पारिवारिक जीवन-संघर्षों को राष्ट्र-निर्माण से जोड़कर देखने की सार्थक पहल की गयी। भारतीय समाज में स्त्रियों की वास्तविक स्थिति और संवैधानिक व्यवस्था के तहत प्राप्त अधिकारों को लेकर भी वाद-विवाद चला। कई छात्राओं ने दहेज-विरोधी गीत गाकर उपस्थित लोगों के मानस को करुणा से भर दिया। कार्यक्रम के अन्त में सभी ने महिलाओं को सम्मान और उनके अधिकारों को लेकर समाज में जागृति फैलाने का संकल्प लिया। इस प्रकार एन. एस. एस. की इकाई द्वारा एक सफल कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के संघर्षों एवम् योगदान को रेखांकित किया गया।

प्रमोद पाठक
08.03.2024
P.O., N.S.S.
B.N.M. College, Barhiya

[signature]
Prof.-in-Charge
B.N.M. College, Barhiya

Teacher's Signature ..................

